__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date -                                   Class - VI
Subject - Hindi Language                 Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

अपने अनुचित व्यवहार के लिए क्षमा माँगते हुए कक्षा अध्यापिका जी को क्षमा - पत्र लिखें।

सेवा में,
कक्षा अध्यापिका जी,
टेंडर हार्ट स्कूल,
सेक्टर 33-'बी',
चण्डीगढ़।

विषय :- अनुचित व्यवहार के लिए क्षमा माँगने हेतु।

श्रीमती जी,

सविनय निवेदन यह है कि मैं कक्षा पाँचवीं 'ए'/'बी' का छात्र/छात्रा हूँ और आपसे अपने अनुचित व्यवहार के लिए क्षमा माँगते हुए यह पत्र लिख रहा हूँ। कल हिन्दी की कक्षा में जब अध्यापिका जी पढ़ा रही थी, तब मेरा सहपाठी अपने पास बैठे मित्र से बातें कर रहा था। इस कारण मुझे विषय समझने में कठिनाई हो रही थी। जब मैंने उसे चुप रहने के लिए कहा तो वह मुझ से झगड़ा करने लगा, जिससे पूरी कक्षा का वातावरण खराब हो गया।

मैं अपने इस व्यवहार के प्रति लज्जित हूँ। मुझे अपने सहपाठी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए था। मैं अपने इस व्यवहार के लिए आपसे क्षमा माँगता हूँ और आपको विश्वास दिलाता हूँ कि

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -  Class - VI
Subject - Hindi Language  Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

मैं भविष्य में कभी आपको शिकायत का मौका नहीं दूँगा। आशा है आप मुझे क्षमा कर देंगी।

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,
रोहन
कक्षा- पाँचवी 'ए'
अनुक्रमांक - 6
दिनांक - 22 अगस्त, 202

Last page.